अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2015
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** शिक्षण की गति आधारित होनी चाहिए— **(1)**

(A) छात्रों के सीखने की गति पर (B) परीक्षा तिथियों पर

(C) बालकों पर (D) अध्यापक कार्य पर

**2.** "शिक्षण को सीखने के संगठन के रूप में सर्वोत्तम प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है।" यह परिभाषा है— **(1)**

(A) रायबर्न (B) रस्क

(C) मन (D) मरसेल

**3.** कक्षा शिक्षण तब अच्छा होता है जब कक्षा के सभी छात्र— **(1)**

(A) शान्त बैठे हों (B) प्रश्न पूछने व उत्तर देने में तत्पर हों

(C) गणवेश में हों (D) इनमें से कोई नहीं

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण सूत्र गेस्टाल्ट मनोविज्ञान पर आधारित है? **(1)**

(A) ज्ञात से अज्ञात की ओर (B) पूर्ण से अंश की ओर

(C) मूर्त से अमूर्त की ओर (D) अनिश्चित से निश्चित की ओर

**5.** पर्यटन सर्वाधिक सहायक है— **(1)**

(A) गणित शिक्षण में (B) संगीत शिक्षण में

(C) भूगोल शिक्षण में (D) भाषा शिक्षण में

**6.** "वास्तव में प्रश्न सबसे अच्छा उत्तेजक है और यह शिक्षक को शीघ्र उपलब्ध हो जाता है।" यह कथन है— **(1)**

(A) पार्कर (B) कॉलविन

(C) रेयान (D) हैरिस

**7.** प्रयोग प्रदर्शन विधि का गुण है— **(1)**

(A) सक्रिय वातावरण (B) स्थायी ज्ञान

(C) मानसिक विकास में सहायक (D) उपर्युक्त सभी

**8.** छात्रों का पूर्वज्ञान जानने में कौन-सा कौशल सहायक है? **(1)**

(A) प्रस्तावना कौशल (B) उद्दीपन परिवर्तन कौशल

(C) पुनर्बलन कौशल (D) व्याख्यान कौशल

**9.** बाल-केन्द्रित शिक्षा का उद्देश्य है— **(1)**

(A) बालकों के नामांकन में वृद्धि (B) बालकों का शारीरिक विकास

(C) बालकों का सर्वांगीण विकास (D) बालकों को खेलना सिखाना

**10.** संज्ञानात्मक क्षेत्र से सम्बन्धित नहीं है— **(1)**

(A) जानना (B) समझना

(C) चिन्तन करना (D) समयबद्धता

**11.** डोमिनोज सर्वाधिक उपयोगी हैं— **(1)**

(A) इतिहास शिक्षण में
(B) गणित शिक्षण में
(C) कला शिक्षण में
(D) भाषा शिक्षण में

**12.** सुकराती विधि कहते हैं— **(1)**

(A) कहानी विधि को
(B) व्याख्या विधि को
(C) प्रश्नोत्तर विधि को
(D) विश्लेषण विधि को

**13.** प्राथमिक स्तर पर दवे समिति ने किन विषयों में अपेक्षित अधिगम स्तर का निर्धारण किया था? **(1)**

(A) भाषा अध्ययन
(B) गणित अध्ययन
(C) पर्यावरण अध्ययन
(D) उपर्युक्त सभी

**14.** बाल-केन्द्रित शिक्षण का उद्देश्य है— **(1)**

(A) बालक का शारीरिक विकास
(B) बालक का मानसिक विकास
(C) बालक का सर्वांगीण विकास
(D) ये सभी

**15.** वह शिक्षण प्रतिमान किसने बनाया जिसमें अध्यापक का स्थान कम्प्यूटर ने लिया है? **(1)**

(A) आसुवेल
(B) डेनियल डेविस
(C) क्वीन्स
(D) जॉन रेंड्स

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षण के कोई दो उद्देश्य बताइए। **(1)**

**17.** वैयक्तिक सम्प्रेषण के दो लाभ बताइए। **(1)**

**18.** सम्प्रेषण की उपयुक्त परिभाषा दीजिए। **(1)**

**19.** शिक्षण के दो प्रमुख शिक्षण सूत्रों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**20.** अन्वेषण विधि का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**21.** विज्ञान शिक्षण में सर्वाधिक उपयोगी शिक्षण विधि कौन-सी है और क्यों? **(1)**

**22.** निरीक्षण विधि का शिक्षण में क्या महत्व है? **(1)**

**23.** रुचिपूर्ण शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य क्या है? **(1)**

**24.** पुनर्बलन कितने प्रकार का होता है? केवल नामों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**25.** शिक्षण क्रियाशीलता के सिद्धान्त का क्या अर्थ है? **(1)**

**26.** खेल पर आधारित दो शिक्षण प्रविधियों के नाम लिखिए। **(1)**

**27.** सूक्ष्म शिक्षण से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**28.** पाठ प्रस्तावना कौशल का क्या उद्देश्य है? **(1)**

**29.** अपेक्षित अधिगम स्तर की संकल्पना क्या है? **(1)**

**30.** बहुउद्देशीय शिक्षण अधिगम सामग्री किसे कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** सम्प्रेषण की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए शिक्षण में इसके महत्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**32.** शिक्षण अधिगम सामग्री में श्यामपट्ट की उपयोगिता बताइए। **(2)**

**33.** शिक्षण अधिगम में मानचित्र की उपयोगिता बताइए। **(2)**

**34.** शिक्षण अधिगम किसे कहते हैं? **(2)**

**35.** शिक्षण की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**36.** शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षण सूत्रों का क्या महत्व है? संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**37.** "स्थूल से सूक्ष्म की ओर" शिक्षण सूत्र का अभिप्राय एवं उदाहरण दीजिए। **(2)**

**38.** शिक्षण में प्रश्नोत्तर प्रविधि की उपयोगिता बताइए। **(2)**

**39.** व्याख्यान युक्ति का क्या अभिप्राय है? इसके गुण एवं दोषों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**40.** बाल-केन्द्रित शिक्षण उपागम से क्या अभिप्राय है? शिक्षण में इसका क्या महत्व है? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2015

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN